जाग उठा हमारा आजाद हिन्दुस्तान
05 दिसम्बर 2023

2024 के लोकसभा चुनाव का ट्रेलर

खंडवा संसदीय क्षेत्र में 1 सीट पर सिमटी कांग्रेस

भीकनगांव एवं कसरावद में कांग्रेस की जीत की हैट्रिक

मोदी एवं लाडली बहना की प्रचंड लहर नही हरा पाई सचिन यादव एवं झूमा सोलंकी को

बड़वाह -अभी हाल ही हुये विधानसभा चुनाव में खंडवा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस को करारी हार मिली है। यहां भाजपा ने 8 में से 7 सीटों पर जीत दर्ज कर ली, वहीं कांग्रेस एक सीट पर सिमट कर रह गई है। कांग्रेस ने भीकनगांव सीट पर जीत दर्ज की है । यहां पर लगातार तीसरी बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की । क्षेत्र में आश्चर्य तो इस बात का है कि यहां पर भाजपा प्रचंड लाडली लहर से पहले मोदी लहर में भी हार चुकी है। यहां से कांग्रेस ने आदिवासी महिला विधायक झूमा सोलंकी के चेहरे पर जीत की हैट्रिक ली है। बाकी मांधाता और बडवाह में काफी कम वोट से हार का सामना करना पडा। इनके अलावा बाकी 5 सीटों पर ऐतिहासिक रिकार्ड वोट से हार मिली। वही खरगोन जिले के कसरावद में भी सचिन यादव ने लगातार तीसरी बार विजय प्राप्त कर हेट्रीक लगाई ।

खंडवा संसदीय क्षेत्र में इन जिलों की हिस्सेदारी

खंडवा जिला -

मांधाता, खंडवा, पंधाना तीन सीट है। मांधाता में कांग्रेस को सम्मानजक रूप में महज 589 वोट से हार मिली है। खंडवा में अब तक की सभी हार के रिकार्ड टूट गए है। 2013 में 32 हजार वोट से हारे थे, प्रत्याशी बदलने पर 2018 में 19 हजार से हारे थे। 2023 में प्रत्याशी नहीं बदला, हार का आंकडा 39 हजार के पार पहुंच गया।

ये हारे – खंडवा से कुंदन मालवीय, मांधाता से उत्तमपालसिंह, पंधाना से रूपाली बारे।

बुरहानपुर जिला -

नेपानगर, बुरहानपुर दो सीट है। 2018 में नेपानगर सीट जीती थी। 2020 में विधायक सुमित्रा कास्डेकर ने भाजपा ज्वाइन कर ली। उपचुनाव में नेपानगर भी भाजपा में चली गई। बुरहानपुर सीट पर कांग्रेस के बागी सुरेंद्रसिंह शेरा निर्दलीय जीते थे। अब कांग्रेस के टिकट पर रिकॉर्ड वोट से हार गए। मुस्लिम नेता नफीश शाह मंसूरी ने एमआईएम के टिकट पर लस्कर 40 हजार से ज्यादा वोट प्राप्त किए है।

ये हारे – नेपानगर से गेंदूबाई चौहान, बुरहानपुर से सुरेंद्रसिंह शेरा।

खरगोन जिला -

बडवाह, भीकनगांव दो सीट है। 2018 के चुनाव में ब?वाह, भीकनगांव दोनों सीट जीती थी। 2021 के लोकसभा उपचुनाव में बडवाह विधायक सचिन बिरला ने भाजपा ज्वाइन कर ली थी। बिरला इस बार भाजपा से विधायक बन गए। हालांकि कांग्रेस सम्मानजनक रूप में 5 हजार वोट से हारी है। भीकनगांव से कांग्रेस ने झूमा सोलंकी के नेतृत्व में हैट्रिक मारी है। झूमा सोलंकी ने काफी कशमकश के बाद 440 वोट के अंतर से जीत हासिल की।

ये हारे – भीकनगांव से नंदा ब्राह्मणे (भाजपा), बडवाह से नरेंद्र पटेल।

देवास जिला -

बागली एक सीट है। खंडवा संसदीय क्षेत्र में देवास जिले की एकमात्र विस सीट बागली शामिल है। बागली से कांग्रेस उम्मीदवार गोपाल भोसले 8700 वोट से हारे है। इस सीट पर अधिकांश भाजपा का ही कब्जा रहा है।

2021 के उपचुनाव में कम हुई थी भाजपा की लीड

सांसद नंदकुमारसिंह के निधन के बाद 2021 में उपचुनाव हुए तो भाजपा की लीड कम हो गई थी। 2019 में नंदकुमारसिंह चौहान ने कांग्रेस के अरूण यादव के सामने 2 लाख 80 हजार वोट के अंतर से जीत हासिल की थी।

लेकिन दो साल बाद केंद्र और राज्य में सरकार होने के बाद भी उपचुनाव में भाजपा की लीड कम हो गई। भाजपा के ज्ञानेश्वर पाटिल ने कांग्रेस के राजनारायणसिंह सामने महज 80 हजार वोट की लीड ली थी।

भाजपा जिलाध्यक्ष बोले-

हमारा कार्यकर्ता जंग लड़ता है

प्रचंड जीत को लेकर खंडवा के भाजपा जिलाध्यक्ष सेवादास पटेल का कहना है कि भाजपा की यह जीत बताती है कि हम कितने मजबूत है। चुनाव के समय हमारा प्रत्येक बूथ कार्यकर्ता चुनाव को रणक्षेत्र मानकर एक योद्धा की भांति आखिरी दम तक लड़ता है। बूथ से लेकर मंडल, सेक्टर और जिला कार्यकारिणी की अलग-अलग रणनीति होती है। प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व से मार्गदर्शन मिलता है। विधानसभा की जीत से स्पष्ट होता है कि हम लोकसभा चुनाव में एकतरफा जीतेंगे और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

कसरावद में सचिन यादव ने लगाई जीत की हेट्रीक

खरगोन जिले में इस बार का परिणाम भाजपा एवं कांग्रेस के बीच बराबरी पर रहा । भाजपा ने जहां खरगोन,महेश्वर एवं बड़वाह सीट पर कब्जा किया वहीं कांग्रेस ने कसरावद, भीकनगांव एवं भगवानपुरा सीट पर जीत हांसिल की ।

कांग्रेस की बात करे तो इस बार के चुनाव में कसरावद से श्री सचिन यादव ने तीसरी बार जीत दर्ज कर हेट्रीक बनाई वहीं भाजपा प्रत्याशी श्री आत्माराम पटेल को लगातार हार का सामना करना पडा। बड़वाह से श्री सचिन बिरला ने लगातार दूसरी बार हांसिल की तो राजकुमार मेव भी लगातार तो नही लेकिन दूसरी बार विधायक बनने में सफल रहे ।

आकंडों की नजर में बड़वाह सीट का परिणाम

प्रत्याशी	पार्टी	वोट मिले
सचिन बिरला	भाजपा	90467
नरेंद्र पटेल	कांग्रेस	84968
त्रिलोक पटेल	बसपा	2942
गंगाबाई	निर्दलीय	274
मोहनलाल शाह	निर्दलीय	107
श्यामसिंह रावत	निर्दलीय	1007
रामकुमार तुलसीराम	निर्दलीय	139
शांतिलाल आर्वे	निर्दलीय	738
नोटा		1542
कुल वोट		182184